# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक 243 /व0प्रा0सप्ताह (कैम्प)/जू  दिनांकः 16 सितम्बर, 2024

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
जनपद–लखनऊ।

विषयः– **विद्यार्थियों के शैक्षिक भ्रमण को प्रोत्साहित करने के संबंध में।**

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान की स्थापना **103 वर्ष पूर्व** 29 नवम्बर, 1921 को **प्रिन्स आफ वेल्स** के लखनऊ आगमन के उपलक्ष्य में की गयी थी। इस पूरे प्राणि उद्यान का क्षेत्रफल लगभग 29 हैक्टेयर है। इस 29 हैक्टेयर में कुल 152 बाड़े हैं उद्यान में 90 से अधिक प्रजातियों के लगभग एक हजार से अधिक वन्यजीव हैं। इस प्राणि उद्यान को अप्रैल, 2018 में **03 आई0एस0ओ0** सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। एक साथ तीन–तीन आई0एस0ओ0 सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला यह देश का एकमात्र प्राणि उद्यान है। वर्ष 2021 में तीनों आई0एस0ओ0 सर्टिफिकेट्स का नवीनीकरण कराया जा चुका है।

अप्रैल, 2017 में प्राणि उद्यान, लखनऊ को प्रतिष्ठित वैश्विक संस्था **WAZA** (World Association of Zoos and Aquariums) की सदस्यता प्राप्त हो चुकी है। इससे प्राणि उद्यान को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नयी पहचान मिली। 29 नवम्बर, 2021 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान ने बड़ी धूमधाम से अपना शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया।

## प्राणि उद्यान, लखनऊ के मुख्य आकर्षण–

1– प्रकृति शिक्षण केन्द्र
2– 3D ऑडीटोरियम
3– तितली पार्क
4– झूला पार्क
5– बोटिंग पॉण्ड
6– विजिटर शेड
7–21 जगह आर0ओ0 वाटर कूलर सहित पेयजल
8– बारादरी तथा 04 बड़े लॉन
9– शिशुओं हेतु बेबी केयर यूनिट
10– वृद्धजनों हेतु बैट्री आपरेटेड गाड़ी
11– फूड कोर्ट, कैन्टीन
12–सोविनियर शॉप

वन, वन्यजीव, पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करने तथा उनके संरक्षण एंव संवर्धन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये प्राणि उद्यान प्रशासन सदैव प्रयासरत् रहा है, इसी क्रम में वन्य प्राणि सप्ताह 2024(02–08 अक्टूबर) में **सभी विद्यालयों के 12 वर्ष तक के विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्णरूपेण निःशुल्क रहेगा तथा 12 वर्ष से अधिक के विद्याार्थियों तथा अध्यापकों का समूह 50 से अधिक होने की दशा में ऑनलाइन टिकट कय करने पर 20% की अतिरिक्त छूट प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन टिकट www.lucknowzoo.com पर बुक की जा सकती है।** शैक्षिक भ्रमण संबंधी किसी अन्य जानकारी हेतु **8005493607** पर संपर्क करें।

अतः आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि वन्यप्राणि सप्ताह के समय अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजकर छात्रों को वन, वन्यजीव, पर्यावरण तथा प्रकृति के प्रति जागरूक करायें।

16/09/2024.

**(अदिति शर्मा I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ